परेशानी | भारी और छोटे वाहनों को निकलने में हो रही परेशानी

# खुली रेलिंग के बीच पुल पर चौपाओं का डेरा



**नवभारत। नरसिंहपुर तेंदूखेड़ा।** आये दिन निराश्रित मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटना या फिर स्वयं मवेशियों को रौंदे जाने की खबरें अक्सर देखने सुनने को मिल ही जाती है ऐसा ही एक और उदाहरण गाडरवारा तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग पर देखनें को मिलता है। जहां पुण्य सलिला मां नर्मदा के पुल ककरा घाट पर बरसात को दृष्टिगत रखते हुए पुल में लगीं रेलिंगों को अलग कर दिया गया था। लेकिन इस पुल पर बड़ी संख्या में निराश्रित मवेशियों का डेरा मुसीबत का बायस बना हुआ है। विशेष रूप से रात्रि के समय भारी बाहनों की आवाजाही के बीच छोटे छोटे बाहनों को निकलने में परेशानी हुआ करती है। मवेशियों के बीच खुली रेलिंग के चलते छोटे छोटे बाहनों को निकलने में गिरने की अशंका या मवेशियों को गिरने का डर लगा रहता है। बाहन चालकों को पीछे बिठाकर ले जाने वाले लोगों को पहले बाहन रोककर नीचे उतारना पड़ता है फिर कहीं निकलना हो पाता है। इस समस्या को देखते हुए पहले इन मवेशियों को पुल से दूर रखने की पहली जरूरत है। साथ ही साथ पुल पर जहां तहां बड़े बड़े गड्ढे निकल आये है उनकी मरम्मत भी जरूरी हो गई है। छोटे बाहन चालकों को रात्रि के अंधेरे में परेशानी हुआ करती है।



## आज समीक्षा बैठक आयोजित होगी

**नवभारत। नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार 3 नवंबर को सायं 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अनु. जाति/ जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति/ आवास सहायता योजना, पीएम जनमन एवं पीएम धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान अंतर्गत समीक्षा की जाएगी। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग नरसिंहपुर ने सर्व संबंधित विभाग प्रमुखों से पीएम जनमन, पीएम धरती आबा अभियान एवं छात्रवृत्ति से संबंधित समस्त जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने के लिए कहा है।

# नर्मदा घाट पर व्यवस्थाओं का अभाव



**नवभारत। साईखेड़ा।** के सबसे चर्चित और आस्था के केंद्र झिकोली नर्मदा घाट पर मूलभूत व्यवस्थाओं का घोर अभाव है, जिसके चलते प्रतिदिन यहां आने वाले हजारों भक्तों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घाट की प्रसिद्धि और श्रद्धालुओं की भारी संख्या के बावजूद भी, स्थानीय प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। सबसे बड़ी चिंता का विषय महिलाओं और बच्चों के लिए सुविधाओं की कमी है। प्रमुख समस्याएँ सुलभ कॉम्प्लेक्स का अभाव: घाट पर शौचालय और मूत्रालय की कोई व्यवस्था नहीं है। वस्त्र परिवर्तन की सुविधा नहीं: महिलाओं को स्नान के बाद कपड़े बदलने के लिए कोई सुरक्षित या निजी स्थान उपलब्ध नहीं है।

# शासकीय स्कूलों में आज से शुरू होंगी अर्धवार्षिक परीक्षाएं

तेंदूखेड़ा बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता स्तर में सुधार लाने के लिए शासन द्वारा हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। शिक्षा विभाग के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार आज 3 नवंबर से सभी शासकीय हाईस्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ होने जा रही हैं। जो 18 नवंबर तक दो पालियों में संचालित की जाएगी। विगत दिवस शनिवार को विकासखंड स्तर से सभी शासकीय स्कूलों को प्रश्न पत्र और आवश्यक गोपनीय सामग्री का वितरण कर दिया गया है। जिसकी पेटियां नजदीकी थाना चौकी में जमा कर दी गई है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घंटे पूर्व संबंधित थाने से प्रश्न पत्रों का वितरण सभी स्कूलों को किया जाएगा। प्रथम पाली में कक्षा 9 एवं 10वीं तथा दोपहर के समय कक्षा ग्यारहवीं एवं 12वीं की परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर संस्थाओं द्वारा ली जाएगी।

# श्रीमद् भागवत कथा का आनंद ले रहे ग्रामवासी



**नवभारत। करेली।** श्रीमद् भागवत कथा का आनंद लेते कामती ग्राम वासी करेली कमती ग्राम में चौधरी धीरज सिंह रघुवंशी के निवास पर कथा व्यास पंडित रविशंकर जी महाराज ने देव उठनी ग्यारस के पावन दिवस पर कहा कि गंगा तट पर सुखदेव जी ने राजा परीक्षित को भागवत कथा का बताते हुए कहा कि भगवान का स्मरण करने से ही जीवन की नैया पार लगती है मनुष्य शरीर ही है जो भगवान से मिलता है कथा व्यास रवि शंकर जी महाराज ने श्रद्धालुओं से कहा कि भारत देश में जो मंदिर हैं उन्हीं की सेवा करना चाहिए हिंदू बट रहे हैं बनवासी भगवान राम ने जंगल में आदिवासियों के साथ समय बिताया हम छुआछूत कर अल्पसंख्यक हो रहे हैं आदिवासियों के साथ सभी के त्योहार मनाना चाहिए भारत भूमि की सेवा करना पुण्य कार्य है भागवत कथा में भगवान कृष्ण के जन्म पर भजन कीर्तन कर सभी भक्तों ने धर्म लाभ लिया।





# मुनि संघ का पदार्पण आज


**नवभारत। तेंदूखेड़ा।** आगामी 9 दिसंबर से 15 दिसंबर के बीच नगर में श्री मज्जिनेंद्र पंच कल्याणक महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्यापुरी तेंदूखेड़ा जिसकी प्रारंभिक तैयारियां भी युद्ध स्तर पर जारी है। तैयारियों की दृष्टि से पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्धसागर महाराज के परम शिष्य श्रमण मुनि श्री 108 साक्ष्यसागर महाराज श्रमण मुनि 108 निवृत्तसागर महाराज का आज तेंदूखेड़ा में पदार्पण हो रहा है। दिगम्बर जैन समाज और नगर के सभी वर्गों के लोगों द्वारा जोरदार अगवानी की जायेगी।इस पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन कलश गार्डन के सामने तरफ मोदी परिवार की जमीन पर किया जा रहा है। इस पुण्य भूमी का पट्टाचार्य 108 विशुद्ध सागर जी महाराज ने अयोध्यापुरी के नाम से नामकरण किया है।

# गांजा के साथ एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवभारत। गोटेगांव।** बीते दिवस नरसिंहपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध जा रहा है। अभियान के तहत लगातार बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ जप्त किए जा रहे है। इसी तारतम्य में एक विश्वस्त मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुयी कि एक व्यक्ति वायपास रोड पर पाईप फैक्ट्री के पीछे अवैध मादक पदार्थ लेकर आ रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गोटेगांव मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना गोटेगांव पुलिस की टीम के द्वारा उक्त स्थान पर प्रभावी घेराबंदी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप एक व्यक्ति व्यक्ति को अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ्त में लेने में सफलता प्राप्त हुई। थाना गोटेगांव की कार्यवाही, गिरफ्तार आरोपी सुमित किरार निवासी ग्राम इमलिया, जिला नरसिंहपुर, हाल ग्रीन सिटी जबलपुर। जप्त मादक पदार्थ लगभग 5 किलोग्राम गांजा जप्त अनुमानित कीमत लगभग 70 हजार रूपये वैधानिक कार्यवाही धारा 8, 20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज। कार्यवाही में विशेष भूमिका = उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गोटेगांव निरीक्षक प्रदीप सराफ, उप निरीक्षक दिलीप सिंह, ऋषिराज रजक, प्रधान आरक्षक कुलदीप, राजेश नंदा, देवेन्द्र सिंह, आरक्षक नितिन, प्रशांत, विपिन, महिला आरक्षक कुमुद पाठक एवं भूपेन्द्र की सराहनीय भूमिका रही।

# भगवान खाटू श्यामजी का धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव



**नवभारत। गोटेगांव** विगतदिवस स्थानीय फुंव्वारा चौक पर भगवान खाटू नरेश श्याम जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लाहमय माहौल में धूमधाम से मनाया गया, सर्वप्रथम भगवान खाटू नरेश श्यामजी के तैलचित्र पर तिलक रोरी लगाकर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर पूर्ण विधिविधान मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन आरतीवंदन कर भगवान खाटू जी से संपूर्ण विश्व में रहने वाले प्राणियों की सुखसमृद्धि शांति की कामना कर ढोल धमाका नगाडे डीजे की सुमधुर संगीतमय धुनपर %%हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा,, के जोरदार जयघोष से संपूर्ण क्षेत्र का वातावरण गुंजायमान करने के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें पूरी सब्जी खीर का महाप्रसाद वितरित किया गया,जन्मोत्सव पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुबंधुओ ने पहुंच कर महाप्रसाद ग्रहण का धर्मलाभ उठाया,इस भंडारे महाप्रसाद का आयोजन शेखर मंगोडा मां कंकाली समिति नयाबाजार चंदूकहार राधाबाई सहित अन्य श्रद्धालुबंधुओ एवं श्री खाटू श्याम के दीवानों की बड़ी संख्या में उपस्थिति के साथ-साथ सभी श्रद्धालुओं का सहयोग सराहनीय रहा ।

## एक नजर में

### शासकीय हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षाओं का आयोजन आज से

**नवभारत। गाडरवारा।** आज 3 नवंबर दिन सोमवार से सभी क्षेत्रीय शासकीय हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षाओ का आयोजन लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशों के अनुसार प्रारंभ हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह 10 बजे से 1 बजे कक्षा 9 एवं 10 वी एवं दोपहर 1:30 बजे से 4:30 बजे तक 11 वी एवं 12 वी की परीक्षा होगी। 9 वी की परीक्षा सामाजिक विज्ञान, 10 वी की विज्ञान, 11 वी की हिंदी एवं 12 वी की परीक्षा भौतिक शास्त्र /अर्थशास्त्र विषय के पेपर से शुरू होगी। परीक्षा के पूर्व गोपनीय सामग्री स्कूलों द्वारा बीटीआई स्कूल गाडरवारा एवं उत्कृष्ट स्कूल चीचली से प्राप्त हो गई है जिसे नजदीकी थानो मेंजमा भी करवा दिया गया है

### साधना देवी सराफ ( जैन ) का निधन



**नवभारत। गोटेगांव।** विगत दिवस नगर के प्रतिष्ठित नागरिक भगतराम चौराहा स्थित निर्वाण ज्वेलर्स के संचालक नीरज सराफ की परम पूज्यनीय माताजी एवं निमित्त सराफ निर्वाण सराफ की दादीजी श्रीमती साधना देवी सराफ जैन का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया है, आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व की महिला थी, आपके निधन का समाचार प्राप्त होते ही परिवार जनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया, अंतिम संस्कार शवयात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभित्र राजनैतिक सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रति निधियों ने मुक्तिधाम में बड़ी संख्या में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थित जनों ने श्रीमती सराफजी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतृप्त परिवार जनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्तकर शोकाकुल परिवार जनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की।

### सुरेन्द्र ने रक्तदान कर बचाई महिला की जान



**नवभारत,दमोह ।** प्रतिष्ठित थोक दवा व्यापारी सुरेन्द्र कुमार असाटी ने मानवीयता की मिसाल पेश करते हुए अपने जीवन का 66वां रक्तदान किया. जानकारी के अनुसार, एक गर्भवती महिला जिसका हीमोग्लोबिन मात्र 3 ग्राम रह गया था, गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती थी. जैसे ही श्री असाटी को यह सूचना मिली, उन्होंने बिना एक पल गंवाए तुरंत अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया और उस महिला की जान बचाई. श्री असाटी वर्षों से नियमित रक्तदान करते आ रहे हैं और समाज में रक्तवीर के नाम से पहचाने जाते हैं. उनका कहना है कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, इससे किसी की जिंदगी को नई सांसें मिलती हैं.

### बाबा खाटू श्याम का मनाया प्रकटोत्सव

**कुम्हारी ।** नगर कुम्हारी में एकादशी तिथि में खाटू श्याम बाबा का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री बिहारी मंदिर में श्याम समिति के युवाओं द्वारा सर्वप्रथम बाबा के छायाचित्र का पूजन किया गया और उसके उपरांत डीजे के साथ बाबा की शोभायात्रा निकाली गई।

## सतीश साहू को प्रदेश संगठन सचिव पद का दायित्व सौंपा

**नवभारत। गाडरवारा।** सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित भाव से संलग्न होकर समाजिक कार्यों को गति देने वाले , मिलनसार सतीश साहू को अखिल भारतीय तेली महासभा द्वारा प्रदेश संगठन सचिव पद का दायित्व सौंपा गया है । आप पूर्व से ही प्रदेश स्तर पर समाज को ऊंचा उठाने प्रयास रत रहते हैं । सबको साथ लेकर चलने की भावना से कार्य करने वाले साहू के प्रयासों से श्री देव गणेश मंदिर साहु समाज गाडरवारा में साल भर होने वाले कार्यक्रम समाज को एक सूत्र में बांधे रखते हैं इनके ही प्रयास से वर्षो से बंद मां कर्मा जयंती पर मां कर्मा की शोभायात्रा,चल समारोह प्रशंसनीय रहा । अखिल भारतीय तेली महासभा प्रदेश संगठन द्वारा प्रदेश में मिली नई जिम्मेदारी से नरसिंहपुर जिला, तहसील गाडरवारा सहित सभी संगठनो शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं बधाई प्रेषित कहीं



# श्री देव राधाबल्लभ मंदिर में हुआ अन्नकूट का आयोजन

**नवभारत। गाडरवारा ।** स्थानीय श्री देव राधाबल्लभ मंदिर में अन्नकूट महोत्सव संपन्न हुआ मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना के साथ छप्पन भोग दर्शन एवं महाआरती की गई । कार्यक्रम में धर्म प्रेमी जनों ने श्री देव राधावल्लभ जी के दर्शन किये । पीतांबरा धाम के रीतेश महाराज का मंदिर में आगमन हुआ । श्री गहोई वैश्य समाज पंचायत के अध्यक्ष ओमप्रकाश कनकने, श्री देव राधावल्लभ मंदिर टस्ट के अध्यक्ष ओम प्रकाश सेठ पप्पू , शिवकुमार नीखरा, बसंत तपा, श्याम नीखरा , सुनील सोनी, मुकेश गुप्ता बंटू, भारत गुप्ता, गिरीश गुप्ता,नीलेश गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनीता रवि शेखर जायसवाल, राव संदीप सिंह सहित गहोई समाज के बंधुओ ने पुष्प मालाओं से स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की व साल श्री फल भेंट करते हुए मराराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया । अन्नकूट कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा, पूर्व विधायक साधना स्थापक व अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए । प्रसादी भंडारा में धर्म प्रेमी जनों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया ।

# श्रीराम मंदिर सेवा समिति ने किया सफाई कर्मियों का सम्मान



**नवभारत। करेली।** नगर के प्रथम देवालय श्री राममंदिर में देवउठनी ग्यारस के पावन पर्व पर एक सराहनीय पहल करते हुए उन कर्मठ हाथों को सम्मानित किया गया, ये कर्मी और उनकी टीम मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ व पवित्र बनाए रखने में अपना अमूल्य योगदान लगातार देते आ रहे हैं। इस अवसर पर श्री राममंदिर सेवा समिति ने नगरपालिका के सेवाभावी कर्मचारी राजकुमार बुंदेलिया, अनिल, विक्रम कोल सहित उनके सहयोगी सफाई मित्रों की पूरी टीम का को सम्मानित किया। मंदिर के प्रधान पुजारी शिवनारायण दुबे एवं पुजारी रामाधार भारद्वाज की उपस्थिति में आयोजित इस स्नेहपूर्ण सम्मान समारोह में समिति सदस्यों ने कहा कि स्वच्छता ही सच्ची सेवा है और जो व्यक्ति बिना किसी स्वार्थ के समाज व देवालय की सेवा में जुटे रहते हैं, वे वास्तव में ईश्वर के सच्चे उपासक हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं और समिति सदस्यों ने भी इन कर्मचारियों के समर्पण, मेहनत और निष्ठा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि ये सम्मान समाज में सेवा, स्वच्छता और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया है, ताकि प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर धर्मस्थलों की स्वच्छता व व्यवस्था में योगदान देने के लिए प्रेरित हो। देवउठनी ग्यारस के अवसर पर मंदिर प्रांगण में दीपों की ज्योति, मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री हरि की आरती कर पुण्य लाभ प्राप्त किया और जय सियाराम के जयघोष से पूरा मंदिर प्रांगण गूंज उठा।

# धूमधाम से शालिगराम-तुलसी विवाहोत्सव मनाया गया

## बारात लगाकर वरमाला किए जाने के बाद पड़े फेरे



**नवभारत। गोटेगांव** विगतदिवस स्थानीय रुद्रवार्ड में शालिगराम प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवउठनी एकादशी पावन पर्व के शुभ अवसर पर भगवान शालिगराम तुलसी माताजी का विवाहोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया,सर्वप्रथम नगर मे भगवान शालिगरामजी की बैंड बाजे ढोल धमाका के साथ बारात निकलने पर जगह जगह श्रद्धालुबंधुओ ने भगवान शालिगरामजी तिलक लगाकर आरती उतारकर स्वागत अभिनंदन किया,तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर वरमाला कार्यक्रम वैदिक रीति नीति के अनुसार संपन्न कराया गया इस मौके पर महिला श्रद्धालुओं में अच्छा खासा उत्साह का वातावरण देखने को मिला,विवाह उपरांत विशाल भंडारे का भी आयोजन में सभी नगर वासियो ने प्रसाद ग्रहण किया सनातनी परंपराओं के लिहाज से देवउठनी ग्यारस संपन्न होते ही बीते कुछ महीनो से आराम पर गए देवता जाग जाते हैं और इसी के साथ लोगों के घरों में मंगल कार्य समेत शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगती है,भगवती तुलसी महारानी पक्ष श्रीमती अनीता अशोक पाठक स्वागत सत्कार रविन्द्रसिंह पटेलपंकज विक्की बड़कुल शुक्ला महेश पेंटर कस्सीपटेल राजेश पटेल शिवमंगल राजपूत सतीश ठाकुर नरेश राजपूत ने स्वागत सत्कार किया, भगवान शालिगरामजी पक्ष पंडित लखनलाल उपम्मन पं.जितेंद्र पुरोहित पं.प्रमोद चौबे निरंजन पटेल दीपक सोनी पंचम साहू अशोक पगारे किया गया,मां नर्मदा समिति के द्वारा प्रतिवर्ष शालिग्राम तुलसी विवाहोत्सव का आयोजन किया जाता है और यह विवाहमहोत्सव कार्यक्रम पिछले कई वर्षों से ऐसे ही हर्षोल्लाह भक्ति में वातावरण एवं पूर्ण आस्था के साथ किया जाता है साथ ही इसमें बर पक्ष और बधू पक्ष दोनों ही मिलकर जैसे एक शादी समारोह किया जाता है वैसे ही इस विवाह महोत्सव को विधि विधान से संपन्न कराते हैं, इस अवसर पर सम्मानीय नागरिक गण वरिष्ठ समाज सेवी एवं रूद्र वार्डवासी उपस्थित थे।

### 2100 दीपों को भव्य प्रज्वलित कर की महाआरती

**गोटेगांव।** बीते दिवस देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर, माँ मेकलसुता ग्रुप, झांसीघाट द्वारा प्रतिदिन की जाने वाली महाआरती में माँ नर्मदा युवा सेवा संगठन के झांसीघाट के सभी सदस्यों ने प्रेमपूर्वक पूर्ण विधि विधान मंत्रउच्चारण के साथ भक्ति भाव से मां नर्मदा मैया जी की भव्य महाआरती कार्यक्रम में आस्था के साथ सहभागिता निभाई। मां नर्मदा युवा सेवा संगठन झांसीघाट पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2100 दीपों का भव्य प्रज्वलित कार्यक्रम संपन्न हुआ। एक ओर माँ मेकलसुता ग्रुप नित्य महाआरती से माँ नर्मदा के जयघोष को गुंजायमान रखता है, तो वहीं माँ नर्मदा युवा सेवा संगठन प्रत्येक रविवार को घाट की साफ-सफाई एवं सेवा कार्य करते हुए हम सबके भीतर स्वच्छता और श्रद्धा का संदेश प्रसारित करता है।



# भारतीय किसान संघ की जिला बैठक

**नरसिंहपुर।** भारतीय किसान संघ ने जिला बैठक कर किसानों कि समस्याओं को किया चिंतन एवं विचार विमर्श लगातार प्रशासन को ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत कराया जा रहा है परंतु समस्याओं के निराकरण हेतु कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं सोयाबीन का सर्वे नहीं कराया गया है जबकि प्रभारी मंत्री एवं सांसद जी को ज्ञापन सौंपा था जिसमें उन्होंने कहा था कल से सर्वे कराया जाएगा परंतु नहीं कराया गया जिस पर भारतीय किसान संघ ने नाराजगी जताई सर्वसम्मति से 17 नंबम्वर को जिला मुख्यालय पर किसान संघ ट्रैक्टर रैली किसान शंखनाद करेगा जिसमें 500 टेक्टर रहेंगे । बैठक में जिला अध्यक्ष संतोष राय ने गौपाषमी पूजन का वृत लिया एवं तहसीलवार किसानों की समस्यायों की जानकारी ली प्रांत उपाध्यक्ष नारायण सिंह पटेल ने किसान शंखनाद रैली की तैयारी की जानकारी से अवगत कराया प्रात मंत्री स्वदेश कोठारी एवं कार्यक्रम प्रभारी ने यात्रा का रूट की जानकारी दी जो बलराम चौराहे मंडी से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगा जिला मंत्री अभिषेक पटेल आदि उपस्थित रहे।